13 सितम्बर, 1967 से तालाबन्दी की घोषणा की कई थी;

(ख) यदि हां, तो उसके फलस्वरूप अनुमानतः कितनी हानि हुई; और

(ग) इस तालाबन्दी के क्या कारण थे ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी, हां।

(ख) लगभग 60 लाख रु०।

(ग) हिन्दुस्तान मशीन टूल्स के कालामसेरी स्थित कारखाने के श्रमिकों ने लाभांश की तत्काल अदायगी अन्तरिम सहायता, और विशिष्ट भत्ते की मांगों को लेकर 18 अगस्त, 1967 से धीमी गति से काम प्रारम्भ कर दिया और 9 सितम्बर, 1967 से अनिश्चित काल तक के लिए हड़ताल प्रारम्भ कर दी। चूंकि हिंसा तथा कारखाने की सम्पति को क्षति पहुंचने की आशंका थी, अतः प्रबन्धकों ने 13 सितम्बर, 1967 को तालाबन्दी की घोषणा कर दी थी।

उपनगरीय यात्राओं के लिये रेलवे किराये का निर्धारित किया जाना

1776. श्री ना० स्व० शर्मा : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कलकत्ता, बम्बई और मद्रास जैसे बड़े नगरों में उपनगर को यात्रा के भाड़े में अधिकतम एक रुपये की वृद्धि निर्धारित की गई है;

(ख) क्या यह भी सच है कि दिल्ली के उपनगरीय यात्रियों को यह सुविधा नहीं दी गई है;

(ग) क्या यह भी सच है कि निकटवर्ती कस्बों के हजारों यात्री प्रतिदिन दिल्ली आते जाते हैं; और

(घ) यदि हां, तो इन सुविधाओं को दिल्ली के यात्रियों को प्रदान न करने के क्या कारण हैं ?

रेलवे मन्त्री (श्री चे० मु० पुनाचा): (क), (ख) और (घ). बम्बई, कलकत्ता और मद्रास के उपनगरीय क्षेत्रों के सम्बन्ध में 15-6-1967 से सभी दूरियों के लिए सीज़न टिकट के किरायों में 10 प्रतिशत वृद्धि की गयी। तीसरे दर्जे के मासिक सीज़न टिकट के किरायों में अधिकतम एक रुपये तक वृद्धि की गयी। दूसरी ओर अनुपनगरी सीज़न टिकटों के किराये में, जो दिल्ली सहित अन्य नगरों में लिये जाते हैं, केवल 14 किलोमीटर तक की दूरी के लिए, 10 प्रतिशत वृद्धि की गयी। तीसरे दर्जे के मासिक सीज़न टिकट के किरायों में परिणामी वृद्धि किसी भी हालत में 50 पैसे से अधिक नहीं ई। इसलिए अनुपनगरी क्षेत्रों में एक रुपये की अधिकतम वृद्धि लागू करने की ज़रूरत नहीं पड़ी।

(ग) यह सही है, लेकिन पूछे गये प्रश्न के संदर्भ में और ऊपर जो कहा गया है, उसे देखते हुए, इसका कोई विशेष महत्व नहीं है।

JUTE MILL AT PARADEEP PORT

1777. SHRI BAIDHAR BEHERA : Will the Minister of COMMERCE be pleased to state :

(a) whether Government have decided to locate a Jute Mill at the Paradeep port; and

(b) if so, from which date the erection work will start ?

THE MINISTER OF COMMERCE (SHRI DINESH SINGH) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

नये वेस्पा स्कूटर के साथ फालतू पहिया न दिया जाना

1778. **श्री ना० स्व० शर्मा** : क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वेस्पा स्कूटर के साथ टायर और ट्यूब सहित जो फालतू पहिया पहले दिया जाता था, वह अब नहीं दिया जाता और उसका मूल्य स्कूटर के मूल्य में से कम कर दिया जाता है;

(ख) क्या यह भी सच है कि यह इसलिये किया जा रहा है, क्योंकि इसको चोर बाजार में बेचने से अधिक मूल्य मिलता है;